# कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज।

*office of the superintendent of police Railway, prayagraj U.P.*

फैक्स नं0- 0532-2421444, सीयूजी नं0 9454400338, ई-मेल- Controlroomgrpald@gmail.com

पत्रांक-ल-02/2019 दिनांक-अगस्त, 26, 2020

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे,
उ0प्र0 लखनऊ।

**विषय-** जीआरपी अनुभाग प्रयागराज हेतु वित्तीय वर्ष- 2020-21 के लिये लेखन सामग्री के क्रयार्थ निविदा आमन्त्रित किये जाने के सम्बन्ध में।

कृपया इस कार्यालय के पत्रांक सम दिनांक-12.07.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के लिये जीआरपी अनुभाग प्रयागराज हेतु लेखन सामग्री क्रय किये जाने हेतु निविदा प्रकाशित की जानी है। निविदा सूचना की प्रति, टेण्डर फार्म, निविदा की नियम व शर्ते, क्रय की जाने वाली स्टेशनरी की सूची मय सी0डी0 के इस अनुरोध के साथ आपको प्रेषित की जा रही है कि पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, जवाहर भवन, लखनऊ से उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड की कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-** उपरोक्तानुसार। - 06 वर्क व 01 अदद सी.डी.

(मनोज कुमार झा)
पुलिस अधीक्षक रेलवे,
प्रयागराज।

**प्रतिलिपिः-** पुलिस उपमहानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ को निविदा सूचना की प्रति, टेण्डर फार्म, निविदा की नियम व शर्ते, क्रय की जाने वाली स्टेशनरी की सूची मय सी0डी0 संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड की कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नक - 06 वर्क व 01 अदद सी.डी.

27/8/2020

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज।

*office of the superintendent of police Railway, prayagraj U.P.*

फैक्स नं0- 0532-2421444, सीयूजी नं0 9454400338, ई-मेल- Controlroomgrpald@gmail.com

पत्रांक-ल-02/2019 दिनांक-अगस्त, 26,2020

## निविदा सूचना

सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष-2020-21 के लिये विभिन्न स्टेशनरी सामग्रियों की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म का मूल्य रू0 200-00 प्रति फार्म है । निविदा के साथ रूपया 20,000-00 (रूपया बीस हजार मात्र) का "बैंक ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज" के पक्ष में धरोहर राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य है। निविदा दिनांक-17.09.2020 को समय 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन समय 16.00 बजे खोली जायेगी। कोई एक या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। प्रत्येक सामान का नमूना निविदा प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। स्टेशनरी प्रत्येक सामान का नमूना निविदा प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। स्टेशनरी की सूची, क्रय की मात्रा एवं निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ किसी भी कार्य दिवस में पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

26/08/20

(मनोज कुमार झा)
पुलिस अधीक्षक रेलवे,
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner

No Form

Cost of the form Rs-200/-

G.R.P Section (P.H.Q Caumpus)

PRAYAGRAJ

Petty works

Tender form 30 (B)

Serial No.................................. Description of the ..............................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

I/me do hereby tender to execute the work of.....................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

more particularly the works tendered for in detail by me/us in the schedule above for the sum of Rs.....................................................................................

..........................................................................................

And herewith attach as treasury challan for Rs.......................................

Desitted by me/ us in the treasury at ..................................................

as earnest money which earnest money may be fore feitted to the Government of Uttar Pradesh if I/we fail to sing the contract the form of which I/we have inspected within the time specified in the notice calling for tenders.

Tenders.

Singnature of tenderer..................................Address.....................................

Designation of the withness propritor...............Address..................................

..........................................................................................

..........................................................................................

Date.....................................................................................

Singnature of the witness(2)..................... Address.......................................

Date.....................................................................................

# निविदा प्रपत्र

स्टेशनरी आइटमों के क्रय हेतु प्रतिष्ठित एवं वास्तविक स्टेशनरी आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है। क्रय की जाने वाली स्टेशनरी की सूची क्रय की मात्रा एवं निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ दिनांक-10.09.2020 से 16.09.2020 तक समय 14.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक-17.09.2020 तक समय 12.00 बजे तक पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज कार्यालय स्थित टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन समय 16.00 बजे क्रय समिति द्वारा निविदा दाताओं/ उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। यदि उक्त तिथि को राजपत्रित अवकाश होगा तो उपरोक्त कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

## नियम व शर्ते

1- निविदा दाताओं द्वारा प्रत्येक स्टेशनरी आइटम की दरें संलग्न प्रारूप परिशिष्ट-1 मे ही स्वच्छ हस्तलेख में अंकित की जाय तथा उनमे ओवर राइटिंग, कटिंग, परिवर्तन आदि न किया जाय अन्यथा निविदा प्रस्ताव निरस्त कर दिया जायेगा।

2- निविदा दाताओं द्वारा अपने प्रस्ताव में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय कि उनके द्वारा उद्वत दरों पर ही वे प्रस्ताव स्वीकृत किये जाने की तिथि से एक वर्ष तक स्टेशनरी आइटमों की आपूर्ति किये जाने हेतु सहमत है।

3- निविदा दाताओं द्वारा सभी स्टेशनरी, आइटमों जिनका उल्लेख परिशिष्ट-1 में किया गया है के प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा सकते है। पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज को पूर्ण अधिकार होगा कि वह किसी एक अथवा सभी निविदा दाताओं द्वारा प्रस्तुत पूरे अथवा आंशिक प्रस्ताव को स्वीकार करें तथा किसी एक अथवा एक से अधिक निविदा दाता में कार्य का विभाजन करें।

4- निविदा दाताओं द्वारा सभी शासकीय करों आदि यदि कोई हो, को छोडकर दरे उद्वत की जायें। आपूर्तित स्टेशनरी के सापेक्ष तत्समय लागू करों की दर के आधार पर बिल का भुगतान किया जायेगा।

5- पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज को प्राप्त सभी अथवा किसी प्रस्ताव को पूर्ण रूपेण अथवा आंशिक रूप से अस्वीकार किये जाने का पूर्व अधिकार होगा।

6- निविदा प्रस्ताव/ उद्वत दरे निविदा प्रस्ताव स्वीकार किये जाने की तिथि से एक वर्ष के लिये वैध होगी, जो अधिकतम तीन माह तक आगे भी बढायी जा सकेगी तथा वैधता अवधि से आगे बढाये जाने का पूर्ण अधिकार पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज को होगा।

7- जीआरपी अनुभाग प्रयागराज की आवश्यकतानुसार समय- समय पर स्टेशनरी आइटमों का क्रय किया जायेगा।

8- सशर्त निविदा प्रस्ताव किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किये जायेगें।

9- निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त निविदा प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

10-निविदा दाता से पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज के पक्ष में देय किसी प्रकार की वसूली निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत धरोहर राशि से करने का पूर्ण अधिकार पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज को होगा।

11- निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दाता द्वारा इस आशय का घोषणा पत्र संलग्न किया जाय कि उनको भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार/ अन्य प्रशासकीय कार्यालयों द्वारा कभी काली सूची में नही डाला गया है।

12-निविदा प्रस्ताव के साथ धरोहर राशि (EMD) के सापेश रू0 20000/- का बैंक ड्राफ्ट/ F.D.R. जो पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज के पक्ष में देय हो, जमा किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जायेगा।

13-निविदा दाता फर्म को यदि प्रदेश सरकार द्वारा धरोहर राशि (EMD) एवं सिक्योरिटी मनी जमा करने से छूट प्राप्त है तो तत्सम्बन्धी शासनादेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाय।

14-धरोहर धनराशि निविदा निर्णित हो जाने के पश्चात सफल निविदा दाता को छोडकर शेष सभी निविदा दाताओं को वापस कर दी जायेगी।

15- प्राप्त निविदा प्रस्तावों को खोले जाने से पूर्व निविदा दाता द्वारा स्वयं अपना निविदा प्रस्ताव वापस लेने अथवा उसमें किसी परिवर्तन करने की स्थिति में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

Scanned with CamScanner

16- सफल निविदा दाता अर्थात ठेकेदार को सिक्योरिटी मनी के सापेक्ष रू0 20000/- का बैंक ड्राफ्ट/F.D.R. जो पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज के पक्ष में देय हो जमा करना होगा। ठेकेदार के अनुरोध पर धरोहर राशि की धनराशि को सिक्योरिटी मनी के सापेक्ष समायोजित किया जा सकेगा, अन्यथा ऐसी स्थिति में सिक्योरिटी मनी जमा करने के बाद धरोहर राशि वापस की जायेगी।

17- सफल निविदा दाता ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि व सिक्योरिटी मनी के सापेक्ष जमा किये गये बैंक ड्राफ्ट/F.D.R. की वैधता अवधि समाप्त होने पर उसका नवीनीकरण करायें।

18- ठेकेदार को किसी प्रकार से असफल रहने पर पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज को पूर्ण अधिकार होगा कि वह किसी अन्य फर्म की सेवायें प्राप्त करें। ऐसी स्थिति में स्टेशनरी आइटमों के क्रय पर व्यय की गयी अन्तर/ अधिक धनराशि की वसूली ठेकेदार से किये जाने का भी पूर्ण अधिकार पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज को होगा। इसके अतिरिक्त ठेकेदार को आर्थिक दण्ड लगाने अथवा ठेकेदार को काली सूची में डालने/ आगामी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रखने आदि की भी कार्यवाही की जा सकेगी।

19- कान्ट्रैक्ट अवधि में क्रयादेश की प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज को स्वयं के व्यय पर करनी होगी तथा सामान को लाने व ले जाने के लिये कोई अतिरिक्त धनराशि भुगतान नहीं की जायेगी। इस अवधि में आपूर्ति न किये जाने पर सम्बन्धित क्रयादेश के मूल्य की 01 प्रतिशत प्रति सप्ताह की दर से क्षतिपूर्ति ठेकेदार से वसूलनीय होगी।

20- आयकर नियमों के अन्तर्गत आपूर्तित आइटमों के बिल से टीडीएस की कटौती की जायेगी।

21- निविदा से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी के लिये कन्ट्रोल रूम, पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज मो0नं0- 9454402546 एवं टेलीफोन नं0- 0532-2624128 से सम्पर्क किया जा सकता है।

22- निविदा दाता द्वारा निविदा प्रस्ताव के साथ निम्न अभिलेख संलग्न करना होगा।

(1) स्थायी आयकर संख्या (PAN) की प्रमाणित प्रतिलिपी।

(2) सेवाकर पंजियन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपी।

(3) वैट/ बिक्रीकर पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपी।

(4) सही-सही भरे गये तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्तारित निविदा प्रस्ताव (प्रारूप परिशिष्ट-1 पर) के साथ धरोहर राशि (E.M.D.) के सापेक्ष रू0 20000/- का बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर जो पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज के पक्ष में देय हो।

(5) भारत सरकार/ उ0प्र0 सरकार/ अन्य प्रशसकीय कार्यालयों द्वारा कभी काली सूची में न डाले जाने सम्बन्धी घोषणा पत्र।

(6) यदि प्रदेश सरकार द्वारा धरोहर राशि (EMD) एवं सिक्योरिटी मनी जमा करने से छूट प्राप्त है तो तत्सम्बन्धी शासनादेश की प्रमाणित प्रति।

(7) निविदा दाता द्वारा नियम व शर्तें स्वीकार्य होने की पुष्टि स्वरूप नियम व शर्तों की एक प्रति के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर निविदा प्रस्ताव के साथ संलग्न किया जाय।

23- निविदा प्रस्ताव एक सीलबन्द लिफाफे में जिस पर जीआरपी अनुभागीय कार्यालय प्रयागराज हेतु स्टेशनरी आइटमों का निविदा प्रस्ताव अंकित करके तथा उस पर पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज का पता अंकित करके ही टेण्डर बाक्स में निर्धारित तिथि व समय तक डाले जाये।

24- निविदा प्रस्ताव के साथ सैम्पल संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक सैम्पल पर आइटम संख्या व आइटम का नाम/ विवरण लिखा हुआ अथवा पर्ची पर अंकित कर टैग किया हुआ, जो भी सुविधाजनक हो होना चाहिये।

25- किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में प्रयागराज सीमा क्षेत्र के सक्षम न्यायालय में ही विचारणीय होगा।

(मनोज कुमार झा)
पुलिस अधीक्षक रेलवे,
प्रयागराज।

Scanned with CamScanner

## वर्ष- 2020-2021 के लिये क्रय की जाने वाली सामाग्री की सूची:-

| क्र0 सं0 | सामाग्री का नाम | मूल्य | समस्त टैक्स | कुल मुल्य प्राप्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेटमेंट पेपर ओरिएन्ट कुल साइज, 42X67 | | | |
| 2 | पिन कार्बन कोरस सफायर | | | |
| 3 | फाइल टैग 20 सेमी0 | | | |
| 4 | पिन कुसन | | | |
| 5 | पेपर वेट फैन्सी | | | |
| 6 | स्टाम्प पैड व इंक 30 एमएल कैमल | | | |
| 7 | बडा कार्बन कोरस सफायर | | | |
| 8 | कम्प्यूटर पेपर ए4 जेके लाल | | | |
| 9 | कम्प्यूटर पेपर ए5 जेके लाल | | | |
| 10 | एरीजेक्स सफेदा शीशी में (पेन में नही) | | | |
| 11 | हाईलाइटर लक्जर चौडा वाला | | | |
| 12 | गोद 150 एमएल कैमल | | | |
| 13 | ट्राइमैक्स पेन रेनाल्ड | | | |
| 14 | एड जेल पेन एचीवर | | | |
| 15 | आलपिन जेड 50 ग्राम | | | |
| 16 | लिफाफा 5 X11 खाखी | | | |
| 17 | स्केजपेन लग्जर | | | |
| 18 | बाइन्डर सीट अपर लोवर ए-4 साइज | | | |
| 19 | पेन्सिल एच बी नटराज | | | |
| 20 | स्केल 12 इंच लोहे के | | | |
| 21 | लाह | | | |
| 22 | धागा गोला लाल पीला | | | |
| 23 | डस्टबीन अच्छी क्वालिटी | | | |
| 24 | सूजा लकडी | | | |
| 25 | रजिस्टर 02 क्वायर, 200 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 26 | रजि0 04 क्वायर, 400 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 27 | रजि0 06 क्वायर, 600 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 28 | रजि0 08 क्वायर, 800 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 29 | रजि0 लेदर वाइन्डिंग, 600 पेज साइज, 9 X14 | | | |
| 30 | रजि0 लेदर वाइन्डिंग, 1000 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 31 | रजि0 लेदर वाइन्डिंग, 1200 पेज साइज 9 X14 | | | |
| 32 | रजि0 लेदर वाइन्डिंग, 1000 पेज साइज 14 X18 | | | |
| 33 | स्टेपलर छोटा कंगारू 10 नं0 | | | |
| 34 | स्टेपलन बडा कंगारू 24 ए0 | | | |

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 35 | रजि0 लेदर बाइन्डिंग, 500 पेज साइज, 9 X14 | | | |
| 36 | रजि0 लेदर बाइन्डिंग, 800 पेज साइज, 9 X14 | | | |
| 37 | कम्प्यूटर कारटेज 12 ए एचपी | | | |
| 38 | कम्प्यूटर कारटेज 36 ए एचपी | | | |
| 39 | लिफाफा 16 X12 खाखी | | | |
| 40 | पेन ड्राइव एच0पी0 8 जीबी | | | |
| 41 | ए-5 प्लास्टिक फाइल अपर लोवर | | | |
| 42 | कम्प्यूटर कारटेज 103 सैमसंग | | | |
| 43 | शार्ट हैण्ड नोटबुक 100 पन्ने का | | | |
| 44 | स्टीक फाइल ए4 साइज | | | |
| 45 | स्टीक फाइल ए5 साइज | | | |
| 46 | स्पाइरेल बाइन्डिग रिंग | | | |
| 47 | टोनर 88ए एचपी0 | | | |
| 48 | टोनर 53ए एचपी0 | | | |
| 49 | टोनर 328 कैनन | | | |
| 50 | टोनर 303 कैनन | | | |
| 51 | टोनर एन जीपी 51 फोटो स्टेट मशीन | | | |
| 52 | टोनर रिको एमपी 1813 एल फोटो स्टेट मशीन | | | |
| 53 | टोनर एचपी0 लेजर जेट पी2035 | | | |
| 54 | टोनर एचपी0 678 इंक कार्टेज | | | |
| 55 | एचपी0 सीई505ए टोनर | | | |
| 56 | टोनर रिको एम0पी0 2501 एस0(फोटो कापी मशीन) | | | |
| 57 | पेन ड्राइव एच0पी0 16 जी0बी0 | | | |
| 58 | पंच कंगारू एक छेद का | | | |

हस्ताक्षर

फर्म का नाम

मुहर

Scanned with CamScanner

FROM

SP, RAILWAY,
PRJ

TO,

The Director of information
Department of information & public Relations
(C) Department UP
Lucknow

NO La- 02/2019 Date- 31 .08.2020

**Sub**:- Tender notice for purchase lekhan samagri.

Dear sir,

Kindly find enclosed herewith the subject tender enquiries with the request to get it published in following hindi dalies as mentined below:-

| SL. NO. | NAME OF NEWS PAPER | PLACES/ LACES OF PUBLICATION | NO. OF INSERTIONS | DATE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dainik Jjagran | U.P. Prayagraj | U.P. State-01 | Before 10-09-2020 |
| 2 | Amar Ujala | U.P. Prayagraj | U.P. State-01 | Before 10-09-2020 |
| 3 | Hindustan | U.P. Prayagraj | U.P. State-01 | Before 10-09-2020 |

Encls: As above with 6 Spare Copies & CD.

31/8/20

Your's Faithfully,

31/8/20

SP Railway,
PRJ

Scanned with CamScanner